# <u>उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन</u>

पंतनगर। 6 नवम्बर 2025। उत्तराखण्ड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सचिव, तकनीकी शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन के दिशा–निर्देशन में राज्य स्तरीय तकनीकी टीम गठित की गयी। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. राजीव सिंह को फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के लिए टीम लीडर नियुक्त किया गया। पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के बहुउद्देशीय भवन में फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता प्रौद्योगिकी महाविद्यालय ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों ने फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण कौशल एवं रचनात्मकता से सबको प्रभावित किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में फिल्म क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान दे रहे रंगमंच एवं फिल्म कलाकार निर्देशक श्री श्रीश डोभाल, कलाकार डा. लखटकिया आनन्द, फोटोग्राफी प्रशिक्षक श्री महेश चन्द्र जोशी, रंगमंच एवं फिल्म कलाकार सुश्री साक्षी रस्तोगी, फिल्म प्रोड्यूसर इंजी0 अजय देवाकर थे। उन्होनें प्रतिभागियों के कौशल की सराहना की साथ ही फिल्मांकन को बेहतर बनाने के सुझाव भी दिए। फोटोग्राफी में बी टी के आई टी, द्वाराहाट के भरतेन्दु विमल लोहिया प्रथम, राजकीय पौलीटेक्निक, लोहाघाट के प्रियांशु तिवारी ने द्वितीय एवं राजकीय पौलीटेक्निक की शाम्भवी ने तृतीय पुरस्कार जीता। फिल्म निर्माण एवं वीडियोग्राफी में गाोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कॉलेज, पौड़ी की टीम ने प्रथम, डा. एपीजेएके आई.टी., टनकपुर की टीम ने द्वितीय एवं राजकीय पौलीटेक्निक, देहरादून की टीम ने तृतीय पुरस्कार जीता। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार रू. 21000/–, द्वितीय पुरस्कार रू 11000/–, तृतीय पुरस्कार रू 5000/–, की नगद धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष पर इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राज्य की धरोहर कला–संस्कृति, वन्य जीवन, योग–आध्यात्म एवं अन्य विशेषताओं को दयर्शाना एवं छात्रों को फोटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण कौशल हेतु अवसर प्रदान करना तथा प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता के टीम लीडर डा. राजीव सिंह ने प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं तथा आमंत्रित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त दिया। ।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के स्टाफ काउन्सलर डा. नीरज बिष्ट, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के डा. राजेश प्रताप सिंह, डा. संजीव सुमन, डा. श्री प्रकाश द्विवेदी, डा. राजेश सिंह, डा. बिनय पाण्डेय, डा. गोविंद वर्मा, डा. संजय जोशी सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। बी टेक सूचना प्रौद्योगिकी के विद्यार्थियों अविश्रेय, प्रज्ञा जैन, दिव्यांश भारद्वाज, अली रहमान, अदिति रावत, शिवांशु ने आयोजन में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। पूनम त्रिपाठी, अशोक कुमार, लक्ष्मीकांत, सनी, विपिन, रवि, नीरू, प्रकाश कर्मचारीगण का विशेष सहयोग रहा।

